RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 134 | MONDAY 25-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



गये जेल में मेल को, मान-केजरीवाल।
कहिए कैसी कट रही, जाकर पूछा हाल।
जाकर पूछा हाल, केंद्र को जमकर कोसा।
करवा लेंगे रिहा, जल्द ही दिया भरोसा।
कह साहिल कविराय, समझिए जरा खेल
को। मान-केजरीवाल, जेल में गये
मेल को।

प्रस्तुति --- डॉ. राजेन्द्र साहिल




# कुलचे वाले की इंटैलीजैंस के आगे राज्य की विजिलेंस नतमस्तक या मेहरबान ?

## IAS अधिकारी से साठगांठ के चलते केवल 5 वर्षों में बनाई करोड़ों की संपत्ति

लुधियाना 18 मई। शहर में चर्चा है की बड़े बड़े धन्ना सेठ करोड़ों रुपया अपने कारोबार में इन्वेस्ट कर इतनी शाही ठाठ जिंदगी व्यतीत नहीं कर पा रहे जितनी की आज कल एक कुलचे बेचने वाला व्यतीत कर रहा है। हमें नहीं मालूम की केवल पाँच वर्षो के दौरान पंडित जी ने लोगों को क्या जादू कर कुलचे खिलाए है।

देखते ही देखते पंडित जी के चर्चित पुत्र द्वारा कालेज रोड पर करोड़ों रुपये की कीमत की दो दुकानें, घुमार मण्डी प्रेम नगर में आलीशान कोठी व कोठी के साथ लगते महंगे भाव के प्लाट चंद वर्षो में कैसे खरीद लिए । चचाओं की माने तो पंडित जी के बेटे व एक आई.ए.एस अधिकारी बीच की दोस्ती के विषय में उनके नजदीकियों द्वारा बताई जा रही जानकारी को सुने तो तथ्य चौंकाने वाले है । पंडित जी



कुलचे मालिक के नजदीकियों ने बताया की गलाडा चीफ रहते हुए इस कुलचे वाले की आई.ए.एस संदीप कुमार इतनी ज्यादा सुनते थे की उन्होंने अपने गलाडा ऑफिस में कुलचे वाले को यह कहकर परिचित करवाया था की यह मेरा भाई है।

और जो काम कोई बड़े से बड़ा कलोनाईजर पैसे के दम पर नहीं करवा पाता था वही काम अगर कुलचे वाले की शरण में आ जाता था तो झट से हो जाता था।

### पंडित जी की दुकान से चलता रह ग्लाडा ऑफिस !

चर्चा है की भ्ष्टार्चार का इस कदर बोलबाला रहा की गलाडा अधिकारी भी अधिकतर कलोनाईजरों को कालेज रोड पंडित जी कुलचे वालों के बेटे से मिलने की सलाह देते और कुलचे वाले के ठाठ इतने नवाबी थे की वह भरी गर्मी में भी लीलन के समर कोट पहनकर घूमते है इम्प्रैशन जमाने को गर्मी में भी पहनते है कोर्ट पेंट जानकारों द्वारा



गर्मी में भी कोर्ट पेंट का राज पूछने पर जनाब जवाब ऐसे देते ₹ओ नहीं यार मीटिंग में बड़े बड़े कलोनाईजरों संग बड़े होटलों में जाना पड़ता है इस लिए सामान्य कपड़ों में इम्प्रैशन नहीं पड़ता ।

### आईएएस ही नहीं आईआरए और पुलिस अधिकारीयों की भी छत्रछाया

चचाओं की माने तो पंडित जी कुलचे वाले महानुभाव जोकि अपनी सेवन सीटर काले रंग की स्कार्पियो में दिखाई देते थे के



अनोखे ही शाही ठाठ है , केवल आईएएस अधिकारी ही नहीं ,आईआरए और पुलिस अधिकारीयों की भी इनपर पूरी छतरछाया है की पंडित जी की स्कार्पियो पर अक्सर पुलिस का लाल नील रंग का स्टीकर भी लगा देखने को मिलता है।

चचाओं की माने तो आजकल पंडित जी कुलचे वाले के राहुल जी अपनी कुलचा शॉप पर कम और कलोनाईजरों संग मीटिंगों करने में ज्यादा व्यस्त रहते थे।

ज्यादातर डीलिंग गिल रोड के किसी ऑफिस में होने की भी चचाएं है।

### पिता 30 वर्षों में नहीं कर पाया बेटे ने 5 वर्षों में कर दिखाया।

और तो और जनाब ने कुछ ही समय पहले पक्खोवाल रोड स्थित एक महंगा बूथ भी लिया है। सुनने में तो यह आ रहा है की चर्चित आई.ए.एस द्वारा अपनी दो नम्बर की सारी कमाई राहुल के नाम शो कर प्रापर्टी में लगाई है।

लोगों का कहना है कि नशा स्मगलरों द्वारा नशा बेचकर बनाई प्रापर्टी पर तो सरकार पीला पंजा चला रही है।

इस कुलचे वाले की काली कमाई पर सरकार कब नजर दौड़ाईगी पता यह भी चला है की कुलचे वाले की दुकान पर बड़े बड़े अधिकारी आते है जिसके चलते इसका विजिलेंस और सरकार का डर नहीं।


# Saroor Car Cafe पर पुलिस की रेड, रेस्त्रां को बना रखा था अहाता, सर्व की जा रही थी शराब, मालिक-ग्राहक गिरफ्तार



मौके पर पुलिस ने बरामद की शराब की बोतल

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/24 मई। पक्खोवाल रोड स्थित शहीद भगत सिंह नगर एरिया में पड़ते सरूर दा कार कैफे रेस्त्रां पर पुलिस द्वारा रात को रेड की गई। इस दौरान रेस्त्रां मालिक द्वारा




विदाउट एक्साइज परमिट के ग्राहकों को इललीगल तरीके से शराब सर्व की जा रही थी। मालिक ने रेस्त्रां को अहाता बना रखा था। पुलिस ने मौके पर ग्राहक को शराब पीते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। जिसके बाद रेस्त्रां मालिक को शराब पीलाने और ग्राहक को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार



रेस्त्रां में बना कार कैफे

कर लिया गया। पुलिस ने मौके पर एक शराब की बोतल भी बरामद की है। थाना दुगरी की पुलिस ने पक्खोवाल रोड के जसविंदर सिंह वड़ैच की शिकायत पर सलेम टाबरी नेताजी नगर के रहने वाले महिंद्रपाल सिंह और पंजाब माता नगर के गीतांश मक्कड़ के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रेस्त्रां को बना रखा था अहाता

पुलिस मुताबिक आरोपी महिंद्रपाल सिंह उक्त सरूर दा कार कैफे रेस्त्रां का मालिक है। जबकि दूसरा आरोपी गीतांश वहां पर ग्राहक था। जिसकी और से शराब पी जा रही थी। पुलिस मुताबिक आरोपी के पास ग्राहक को शराब सर्व करने के लिए कोई परमीशन नहीं है। लेकिन फिर भी आरोपी द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए शराब परोसी जा रही थी। वहीं साथ में खाने पीने का सामान भी दिया जाता था। कहने को तो वे फूड कॉर्नर है, लेकिन आरोपी महिंद्रपाल ने उसे अहाता बना रखा था।

### राजनेता की छत्रछाया ...

वहीं रेस्त्रां के एक तरफ रिटायर्ड आईजी की कोठी हैं। उक्त बुजुर्ग आईजी का आरोप है कि उन्होंने कई बार पुलिस को शिकायत देकर रेस्त्रां मालिक को समझाया। लेकिन फिर भी सुधार नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि एक राजनेता की छत्रछाया होने के चलते रेस्त्रां मालिक हर बार बच निकलता है। वह आज से नहीं बल्कि कई महीनों से सरेआम शराब पीलाता है।

### हुल्लड़बाजी करते थे शराबी

शिकायतकर्ता जसविंदर सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी कोठी उक्त रेस्त्रां कम अहाता के साथ है। रेस्त्रां मालिक द्वारा पहले तो रिहायशी एरिया में रेस्त्रां खोला ही नहीं जा सकता था। अगर खोला तो वहां फूड के साथ अवैध तरीके से शराब सर्व की जा रही थी। शराब पीने के बाद शराबी हुल्लड़बाजी करते हैं। शिकायतकर्ता अनुसार 23 मई की शाम उनके घर पूजा थी। लेकिन रेस्त्रां में जमकर शराब सर्व करके हुड़दंग मचाया जा रहा था। उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर रेड करके आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया।

### कार कैफे की होनी चाहिए जांच

वहीं इलाका निवासियों ने मांग की कि उक्त सरूर कार कैफे में मौजूद कार रेस्त्रां की पुलिस को चैकिंग करनी चाहिए। चर्चा है कि पुलिस को अलग अलग दिन बिना बताए अचानक आकर चैक करना चाहिए। जिससे कई अहम खुलासे हो सकते हैं। अब यह तो आरोप हैं, इनमें कितनी सच्चाई है, ये तो आने वाला समय ही बताएगा।

# विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मध्य अफ्रीका में इबोला वायरस के बढ़ते प्रकोप से घोषित किया आपातकाल

**● भारतीय एयरपोर्टों पर सुरक्षा बढी**



लुधियाना 24 मई यूटर्न (अशोक सहगल)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) ने मध्य अफ्रीका (कांगो और युगांडा) में इबोला वायरस के बढ़ते प्रकोप को 'अंतर्राष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल' घोषित किया है। हालांकि, हल्ड ने स्पष्ट किया है कि यह महामारी के मानदंडों को पूरा नहीं करता है और देशों को अपनी सीमाएं बंद न करने की सलाह दी है। हल्ड के अनुसार, इबोला के इस नए स्ट्रेन (संभवतः बुंडीबुग्यो संस्करण) के खिलाफ अभी कोई टीका उपलब्ध नहीं है संगठन ने वायरस को लेकर निम्नलिखित महत्वपूर्ण बातें और दिशानिर्देश साझा किए हैं: इबोला वायरस के संभावित खतरे से निपटने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने डायरेक्टर अमृतसर एयरपोर्ट भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण मीटिंग का आयोजन किया। इसमें एयरलाइंस, सीमा शुल्क (कस्टम), आप्रवासन (इमीग्रेशन), सीआईएसएफ, और ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इबोला को लेकर अमृतसर अंतर्राष्ट्रीय श्री गुरु रामदास एयरपोर्ट पर हाई अलर्ट कर दिया गया है।

### यात्रियों में लक्षणों को देखकर करें करवाई

बैठक के दौरान, एयरपोर्ट स्वास्थ्य संगठन (एपीएचओ) की टीम ने सभी धारकों (स्ट्रीक होल्डर) को विशेष रूप से संक्षेप में वर्णन किया। टीम ने निर्देश दिए कि यदि किसी भी यात्री में बुखार, सिरदर्द या इबोला से जुड़े कोई भी शुरूआती लक्षण दिखाई देते हैं, या सामान्य बातचीत के दौरान ऐसे लक्षण नोटिस होते हैं,तो उसकी सूचना तुरंत एयरपोर्ट स्वास्थ्य संगठन (एपीएचओ) को दी जाए। ऐसे यात्रियों की तत्काल पेशेवर चिकित्सा जांच और उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा।

### हवाई यात्रा के लिए 'सेल्फ-डिक्लेरेशन फॉर्म' अनिवार्य

पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी को देखते हुए एयरलाइंस कंपनियों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। इबोला प्रभावित देशों से आने वाली उड़ानों के सभी यात्रियों के लिए सेल्फ-डिक्लेरेशन फॉर्म अनिवार्य है। एयरपोर्ट डायरेक्टर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि वहीं पर एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि कोई भी यात्री इस प्रक्रिया से छूटे नहीं।

### स्वास्थ्य विभाग भी जारी कर सकता है एडवाइजरी

इबोला वायरस को लेकर आने वाले दिनों में स्वास्थ्य विभाग भी शीघ्र ही एडवाइजरी जारी कर सकता है स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए समय पर रिपोर्टिंग और आपसी तालमेल (कोऑर्डिनेशन) सबसे महत्वपूर्ण है, ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा से कोई समझौता न हो। इसके लिए हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों को भी अपने को पैसेंजर को लेकर सावधान रहना होगा

### इबोला बीमारी के संकेत और लक्षण

इबोला बीमारी के लक्षण वायरस के संपर्क में आने के 2 से 21 दिन बाद दिख सकते हैं। औसतन, लोगों में संपर्क में आने के 8 से 10 दिन बाद लक्षण दिखने लगते हैं। शुरूआत में, लक्षण आम होते हैं और उन्हें ₹सूखे₹ लक्षण कहा जाता है। जिसमें बुखार,मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द,तेज सिरदर्द,कमजोरी और थकान,गले में खराश हेल्थकेयर प्रोवाइडर इबोला बीमारी को दूसरी आम इंफेक्शन वाली बीमारियों से कन्फ्यूज कर सकते हैं, जैसे: मलेरिया,इन्फ्लूएंजा (फलाू),टाइफाइड बाुखार,माेनिंगाोकाेकल बीमारी,दूसरे बैक्टीरियल इंफेक्शन, जैसे निमोनिया आदि शामिल है

### बाद के लक्षण

बीमारी के चार से पांच दिन बाद, मरीजों की तबियत बिगड़ने पर उनमें ₹गीले₹ लक्षण दिख सकते हैं।

### गीले लक्षण

भूख न लगना,बिना किसी वजह के ब्लीडिंग,गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल लाक्षाण,मातालाी,पाेट दर्द,डायरिया,उल्टी के अलावा दूसरे लक्षणों में सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, कन्फ्यूजन, आंखें लाल होना, स्किन रैश, हिचकी और दौरे पड़ना शामिल हो सकते हैं। इबोला बीमारी से मरने वाले मरीजों में आमतौर पर बीमारी की शुरूआत में ही ज्यादा गंभीर लक्षण दिखते हैं। जो मरीज बच जाते हैं, उन्हें कई दिनों तक बुखार रह सकता है और लक्षण शुरू होने के लगभग 6 दिन बाद उनकी हालत में सुधार होना शुरू हो सकता है।

### कॉम्प्लीकेशन और मदद कब लें

इबोला बीमारी से बचे लोगों को लंबे समय तक चलने वाली कॉम्प्लीकेशन हो सकती हैं, जैसे:थकान,सिर दर्द,मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द,आंखों और देखने की समस्याएं (धुंधली नजर, दर्द, लालिमा, रोशनी से सेंसिटिविटी),पेट दर्द या भूख न लगना जैसे लक्षण देखने को मिलते हैं दूसरी हेल्थ प्रॉब्लम में याददाश्त कम होना, गर्दन में सूजन, मुंह सूखना, सीने में जकड़न, बाल झड़ना, सुनने में दिक्कत, हाथों और पैरों में दर्द या झुनझुनी, दिल के आस-पास के टिशू में सूजन, एक या दोनों टेस्टिकल में सूजन, पीरियड्स में बदलाव, नपुंसकता, सेक्स में दिलचस्पी कम होना या खत्म हो जाना, नींद आने या सोते रहने में दिक्कत, डिप्रेशन, एंग्जायटी और पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (ढळरऊ) शामिल हो सकते हैं। इबोला बीमारी से बचे लोगों में कॉम्प्लीकेशन का समय, गंभीरता और समय अलग-अलग होता है।

### मदद कब लें

अगर आपको लगता है कि आप इबोला बीमारी वाले किसी व्यक्ति के संपर्क में आए हैं और आपको इबोला बीमारी के लक्षण दिख रहे हैं, तो तुरंत अपने डॉक्टर या राज्य के स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें। इबोला बीमारी के बारे में जानें, जो इबोलावायरस नाम के वायरस के एक ग्रुप के इन्फेक्शन से होती है, जो मुख्य रूप से सब-सहारा अफ्रीका में पाए जाते हैं।

## सरहिंद फतेह दिवस के ऐतिहासिक दिन पर, फाउंडेशन ने 12 मई और 14 मई को हुए कार्यक्रमों के लिए गुरुद्वारा गुरु नानक सिमरन किन्नर में धन्यवाद दिवस मनाया

### कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुदियां ने संत बाबा सुखबीर सिंह खालसा जी से आशीर्वाद लिया





**● 9 जून को सुबह 9 बजे, संत बाबा सुखबीर सिंह जी की देखरेख में, महान योद्धा बाबा बंदा सिंह बहादुर जी की 316वीं शहादत दिवस पर उनकी मूर्ति स्थापित की जाएगी**

सुनील पांडे

लुधियाना / यूटर्न टाइम्स / फिरोजपुर रोड पर ग्रीन सिटी के पास, गुरुद्वारा गुरु नानक सिमरन केदार में, बाबा बंदा सिंह बहादुर इंटरनेशनल फाउंडेशन के संरक्षक कृष्ण कुमार बावा, संत बाबा सुखबीर सिंह जी खालसा, फतेह मार्च के कन्वीनर जसवंत सिंह चप्पा, को-कन्वीनर जत्थेदार तरनजीत सिंह निमाणा की मौजूदगी में गुरु ग्रंथ साहिब जी की मौजूदगी में कथा कीर्तन करके धन्यवाद दिवस मनाया गया। तख्त श्री पटना साहिब में धन्यवाद की प्रार्थना की गई। जी के पूर्व जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन ने किया।

इस समय, महान योद्धा जनरल शिरोमणि शहीद बाबा बंदा सिंह बहादुर जी और संत बाबा भूपिंदर सिंह पटियाला वाले ने महान योद्धा जनरल शिरोमणि शहीद बाबा बंदा सिंह बहादुर जी के जीवन और गुरमत विचारों पर प्रकाश डाला।

## कार पंचर के कारण स्कूटी पर ड्यूटी जा रहे पंजाब पुलिस अरककी दिनदहाड़े हत्या, आतंकी संगठन ने ली जिम्मेदारी



पंजाब/यूटर्न/ 24 मई। पंजाब पुलिस के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर (एएसआई) की रविवार सुबह अमृतसर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। एएसआई को 2 गोलियां मारी गई, जो कंधे और कमर पर लगी। जिस वक्त हत्या हुई, वह गुरदासपुर से ड्यूटी पर मजीठा के रास्ते अमृतसर जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अफसर मौके पर पहुंचे। मरने वाले एएसआई जोगा सिंह गुरदासपुर के रहने वाले थे। परिजनों के मुताबिक वह डेली कार से जाते थे, आज उसका टायर पंचर हो गया तो वह स्कूटी से गए थे। इसी वजह से एएसआई की हत्या को टारगेट किलिंग का शक जताया जा रहा है। पुलिस सोर्सेज के मुताबिक एएसआई की कार पंचर होना, उनका स्कूटी से ड्यूटी जाने समेत कई एंगल दिख रहे हैं, जिसको लेकर पुलिस जांच में जुटी है। अमृतसर रुरल के रस्ढ सोहेल कासिम मीर ने कहा कि निजी रंजिश से लेकर रोड रेज तक के सभी एंगल से इस हत्याकांड की जांच की जा रही है। हत्या वाली जगहों के आसपास से उउळश फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर एक पोस्ट सामने आई है, जिसमें आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान हिंदुस्तान ने हत्या की जिम्मेदारी लेने का दावा किया है। पोस्ट में पुलिस और अधिकारियों को धमकियां भी दी गई हैं। दैनिक भास्कर इस पोस्ट की पुष्टि नहीं करता।


पेज 06 विधवा बहू को सास ससुर ननद ननदोई द्वारा...

# चुनावी अखाड़ा बना रणक्षेत्र: जगरांव में 'आप' और कांग्रेस कार्यकर्ता भिड़े, उम्मीदवार सुनेना मल्होत्रा की टूटी बाजू कई घायल

## मोरीगेट के पास आमने-सामने हुए दो पार्टियों के रोड शो; लाठी-डंडे और पत्थर चलने से मची अफरातफरी, पुलिस जांच में जुटी









चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/24/मई। नगर परिषद चुनाव प्रचार के अंतिम दिन जगरांव का सियासी पारा उस समय हिंसक रूप ले गया, जब मोरीगेट स्थित गुरुद्वारा गुरु नानकपुरा के समीप कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (अअढ) के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। दोनों ओर से हुए इस पथराव और लाठी-डंडों के हमले में 'आप' उम्मीदवार सुनेना मल्होत्रा समेत कई कार्यकताओं के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है और पुलिस ने मामले की गहन तफ्तीश शुरू कर दी है।

### कैसे शुरू हुआ विवाद? (प्रत्यक्षदर्शियों का दावा)

मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, यह हिंसक झड़प उस वक्त हुई जब दोनों ही पार्टियों के उम्मीदवार अपने भारी-भरकम समर्थकों के साथ रोड शो निकाल रहे थे। गुरुद्वारा गुरु नानकपुरा के पास दोनों रोड शो अचानक आमने-सामने आ गए। संकरी जगह और चुनावी गहमागहमी के कारण पहले दोनों पक्षों में तीखी बहसबाजी हुई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि डंडे, सोटियां और ईट-पत्थर चलने लगे, जिससे वहां भगदड़ मच गई।

### 'आप' नेताओं के गंभीर आरोप: "महिलाओं-बच्चों को गुरुद्वारे में छिपकर बचानी पड़ी जान

आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार सुनेना मल्होत्रा, साजन मल्होत्रा, मनिंदर तलवाड़ और विकास मलोतरा ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा: ₹हमारा रोड शो पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ रहा था। जैसे ही हम मोरीगेट पहुंचे, कांग्रेस के रोड शो से हमारा सामना हो गया। हमने माहौल को शांत रखने की हरसंभव कोशिश की, लेकिन कांग्रेस नेताओं और उनके समर्थकों ने गाली-गलौच शुरू कर दी। इस हमले में हमारी उम्मीदवार सुनेना मल्होत्रा और उनके भाई (जिनके सिर पर गहरी चोट आई है) समेत कई कार्यकर्ता घायल हुए हैं। माहौल इतना खौफनाक था कि हमें महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए उन्हें तुरंत गुरुद्वारा साहिब के अंदर भेजना पड़ा। उन्होंने इस हमले के लिए विपक्षी दल के कुछ स्थानीय नेताओं और समर्थकों को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया है।

### कांग्रेस खेमे ने साधी चुप्पी

दूसरी ओर, इस पूरे घटनाक्रम और 'आप' द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों पर जब कांग्रेस उम्मीदवार अनीता रानी के पुत्र, पूर्व पार्षद व एडवोकेट हिमांशु मलिक से उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई, तो उन्होंने इस घटना पर किसी भी तरह की टिप्पणी करने या अपना पक्ष रखने से साफ इनकार कर दिया।

### गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी: विधायक माणूके

घटना की सूचना मिलते ही हलका विधायक बीबी सरबजीत कौर माणूके तुरंत मौके पर पहुंचीं। उन्होंने पीड़ित कार्यकताओं से मुलाकात की और आक्रोश जताते हुए कहा: लोकतंत्र में हिंसा और गुंडागर्दी के लिए कोई जगह नहीं है।

हमारी पार्टी के कार्यकर्ता बेहद शांतिपूर्ण तरीके से प्रचार कर रहे थे, उन पर जानबूझकर निशाना साधकर हमला किया गया है। हम पुलिस प्रशासन से मांग करते हैं कि इस मामले की बिना किसी दबाव के निष्पक्ष जांच हो और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### जांच के बाद होगी सख्त कार्रवाई: पुलिस

इस संवेदनशील मामले को लेकर जब थाना सिटी के प्रभारी इंस्पेक्टर परमिंदर सिंह से बात की गई, तो उन्होंने झड़प की पुष्टि करते हुए कहा, ₹पुलिस को दो गुटों में टकराव की सूचना मिली थी, जिसके तुरंत बाद पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला।

फिलहाल मामले की बारीक जांच की जा रही है। जांच के दौरान जो भी तथ्य और वीडियो साक्ष्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



# पंजाब के 87 खिलाड़ियों को महाराजा रणजीत सिंह अवॉर्ड, सीएम मान ने समारोह में दिए पुरस्कार; 32.05 करोड़ की राशि वितरित



मोहाली/यूटर्न/24 मई। चंडीगढ़ में रविवार को पंजाब सरकार की ओर से राज्यस्तरीय खेल सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने समारोह में 87 खिलाड़ियों को प्रतिष्ठित महाराजा रणजीत सिंह अवॉर्ड से सम्मानित करेंगे। समारोह के दौरान खिलाड़ियों को कुल 32.05 करोड़ की पुरस्कार राशि भी वितरित की जाएगी।

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर पंजाब और देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को विशेष तौर पर सम्मानित किया जाएगा। भारतीय हॉकी टीम और भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पंजाबी खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

राज्य सरकार का कहना है कि खिलाड़ियों की उपलब्धियों को पहचान देना और युवाओं को खेलों के लिए प्रेरित करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

### 3000 गांव में खेल के मैदान

महिला क्रिकेट टीम की कैप्टन हरमंदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार आने के बाद पंजाब में खिलाड़ियों को जो सम्मान मिला है। उसके लिए उनका स्वागत है। उनकी सरकार आने के बाद खिलाड़ियों के लिए प्लेटफार्म बनाए गए हैं। 3000 गांव में खेल के मैदान और 6000 गांव में जिम खोले जा रहे हैं जिससे खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिल रहा है।

### पंजाब का सबसे बड़ा खेल सम्मान

महाराजा रणजीत सिंह अवॉर्ड को पंजाब का सबसे बड़ा खेल सम्मान माना जाता है। यह पुरस्कार खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन और राज्य का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को दिया जाता है। सरकार का मानना है कि इस तरह के सम्मान खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हैं और युवाओं में खेल संस्कृति को मजबूत करने में मदद करते हैं।

# घर में घुसकर नकदी और मोबाइल चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, चोरीशुदा फोन और कैश बरामद



अजीत झा.

पंचकूला। पंचकूला पुलिस ने कालका क्षेत्र में घर में घुसकर नकदी और मोबाइल फोन चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया वीवो मोबाइल फोन और नकदी भी बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार कालका निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी थी कि 19 मई 2026 को वह ड्यूटी पर गया हुआ था, जबकि उसकी पत्नी भी काम पर जाने की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान घर में कंप्यूटर टेबल पर चार्जिंग पर रखा वीवो मोबाइल फोन और नकदी चोरी हो गई। शिकायत मिलने के बाद थाना कालका में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसीपी विक्रम नेहरा ने बताया कि थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनसा राम के नेतृत्व में जांच अधिकारी एएसआई प्रवीन कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी अनूप उर्फ नुप्पी निवासी हंडिया मोहल्ला, कालका को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की वारदात कबूल कर ली। आरोपी के ठिकाने से चोरीशुदा वीवो मोबाइल फोन और 1500 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने कहा कि जिले में चोरी और आपराधिक गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# पिंजौर में ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले ऑटो चालकों पर पुलिस की सख्ती, 15 के काटे चालान





पंचकूला।पिंजौर क्षेत्र में बढ़ती ट्रैफिक अव्यवस्था और अवैध पार्किंग पर लगाम लगाने के लिए पंचकूला पुलिस ने ऑटो चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले 15 ऑटो चालकों के चालान काटे गए। जानकारी के अनुसार सूरजपुर ट्रैफिक थाना प्रभारी अभिषेक की अगुवाई में पुलिस टीम ने पिंजौर क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट, अवैध पार्किंग, क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने और सड़क के बीचों-बीच ऑटो खड़े कर यातायात बाधित करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने ऑटो चालकों को निर्देश दिए कि वे केवल निर्धारित स्टैंड पर ही अपने वाहन खड़े करें और सवारियां बैठाने के लिए बीच सड़क पर ऑटो न रोकें। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की लापरवाही से ट्रैफिक जाम के साथ-साथ सड़क हादसों का खतरा भी बढ़ जाता है। एसीपी ट्रैफिक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा कि ऑटो चालक शहर की परिवहन व्यवस्था का अहम हिस्सा हैं, लेकिन जनता की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का पालन करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य चालान काटना नहीं, बल्कि पंचकूला को सुरक्षित और जाम मुक्त बनाना है।

# माता मनसा देवी मंदिर में रक्तदान शिविर, 45 यूनिट रक्त एकत्र



पंचकूला, 24 मई 2026। गर्मियों के चलते अस्पतालों में रक्त की कमी को देखते हुए विश्वास फाउंडेशन द्वारा श्री माता मनसा देवी मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद तथा श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड और इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा पंचकूला के सहयोग से लगाया गया। शिविर में रक्तदान से पूर्व डॉक्टरों की टीम द्वारा सभी रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सकों ने बताया कि रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित है और इससे किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या नहीं होती, बल्कि यह एक सराहनीय सामाजिक कार्य है। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास के अनुसार, सिविल अस्पताल सेक्टर-6 पंचकूला के ब्लड बैंक की टीम ने डॉ. अमित सम्मी की देखरेख में 23 यूनिट और होमी भाभा कैंसर इंस्टीट्यूट, न्यू चंडीगढ़ (मुल्लापुर) की टीम ने डॉ. नवीन बंसल के नेतृत्व में 22 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इस प्रकार कुल 45 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर में 61 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया, जिनमें से 16 लोगों को स्वास्थ्य कारणों के चलते रक्तदान से वंचित रहना पड़ा। रक्तदान करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वास फाउंडेशन के रणधीर सिंह, सतीश गुप्ता, मदन नागपाल, सत्य भूषण खुराना सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# खेलते-खेलते घर से लापता हुआ 5 वर्षीय मासूम

## पंचकूला पुलिस ने 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा



पंचकूला। 23 मई की शाम करीब 5 बजे पंचकूला के सेक्टर-21 चौकी क्षेत्र में एक 5 वर्षीय मासूम बच्चा खेलते-खेलते अचानक घर से लापता हो गया। बच्चे के अचानक गायब होने से परिजनों में घबराहट और चिंता का माहौल बन गया। काफी तलाश के बावजूद जब बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने तुरंत सेक्टर-21 पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज करवाई। एसीपी विक्रम नेहरा के अनुसार पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी और बच्चे की तलाश के लिए हमारी टीम सक्रिय हो गई। पीसीआर-5 और सेक्टर-21 चौकी इंचार्ज दीदार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इलाके में तलाशी शुरू की। पुलिस कर्मियों ने आसपास के क्षेत्रों, गलियों, सार्वजनिक स्थानों और संभावित लोकेशनों पर लगातार खोजबीन की। करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत, सतर्कता और निरंतर प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद बच्चे को सुरक्षित उसके परिजनों को सौंप दिया गया। अपने बच्चे को सुरक्षित पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली और पंचकूला पुलिस का आभार व्यक्त किया। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने इस मामले पर जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि छोटे बच्चों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखें, उन्हें अकेला न छोड़ें और उनकी सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही न बरतें। उन्होंने कहा कि समय रहते सूचना देना और सतर्कता बरतना ऐसे मामलों में बेहद महत्वपूर्ण साबित होता है।


पेज 12 जीएसटी की गलत कार्रवाई न रुकी तो पंजाब...

# ट्रंप की बेटी इवांका की हत्या की साज़िश नाकाम; एक गिरफ़्तार

चंडीगढ़/यूटर्न/24 मई। अमेरिकी प्रेजिडेंट डोनाल्ड ट्रंप के बाद उनकी बेटी इवांका ट्रंप की हत्या की साज़िश रची जा रही थी। हाल ही में एक इराकी आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। उस पर पूरे यूरोप में आतंकी हमलों की साज़िश रचने का आरोप है, अब एक ऐसी खौफनाक साज़िश के केंद्र में है, जिसका कथित निशाना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप थीं। एक रिपोर्ट के अनुसार, 32 वर्षीय मोहम्मद बाकर साद दाऊद अल-सादी ने 2020 के उस अमेरिकी ड्रोन हमले का बदला लेने के लिए इवांका ट्रंप की हत्या करने की ₹कसम₹ खाई थी, जिसमें ईरानी सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी मारा गया था।





### मोहम्मद अल-सादी कौन है ?

अमेरिकी अभियोजक अल-सादी को 'कताइब हिज्बुल्लाह' से जुड़ा एक कमांडर बताते हैं। यह ईरान समर्थित एक इराकी मिलिशिया है, जिसे वाशिंगटन ने एक विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया हुआ है। संघीय अभियोजकों का आरोप है कि अल-सादी ने पूरे यूरोप में यहूदी और अमेरिकी हितों से जुड़े ठिकानों पर हुए कई हमलों में समन्वय किया था।

### घर का नक्शा हासिल किया

इस मामले से जुड़े सूत्रों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में दावा किया है कि अल-सादी ने इवांका ट्रंप के फ्लोरिडा स्थित घर का नक्शा भी हासिल कर लिया था और ऑनलाइन धमकियाँ पोस्ट की थीं, जिनमें यह संकेत दिया था कि ट्रंप परिवार के सदस्यों पर नजर रखी जा रही है। ये आरोप तब सामने आए जब अमेरिकी संघीय अधिकारियों ने अल-सादी पर पूरे यूरोप में अमेरिकियों और यहूदी संस्थानों को निशाना बनाते हुए कम से कम 18 आतंकवादी हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने में समन्वय करने का आरोप लगाया।

### इवांका ट्रंप को कथित तौर पर क्यों निशाना बनाया गया ?

अल-सादी सुलेमानी की हत्या के बदले में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ एक प्रतीकात्मक बदला लेने के तौर पर इवांका को निशाना बनाना चाहता था। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अल-सादी ने फ्लोरिडा के उस इलाके का एक नक्शा पोस्ट किया था, जहाँ इवांका ट्रंप और जेरेड कुशनर का कथित तौर पर 24 मिलियन डॉलर का घर है; इस नक्शे के साथ अरबी भाषा में एक धमकी भरा संदेश भी लिखा था।

# iRAD ऐप से सड़क हादसों की होगी रियल टाइम मॉनिटरिंग, ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर कम होंगे हादसे





अजीत झा.

पंचकूला। सड़क दुर्घटनाओं के सही कारणों की पहचान कर हादसों को कम करने और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय सूचना केंद्र (NIC) के सहयोग से तैयार किए गए ,फ्ङ्मअऊ (इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस) ऐप और वेब एप्लिकेशन को लेकर पंचकूला पुलिस ने पहल तेज कर दी है। इसी कड़ी में शनिवार को सेक्टर-4 स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में पुलिस कर्मचारियों के लिए iRAD ऐप के इस्तेमाल को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर आशीष गुरुंग ने पुलिस कर्मियों को ऐप के संचालन, तकनीकी प्रक्रिया और इसके फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि यह ऐप मोबाइल और कंप्यूटर दोनों पर कार्य करता है। सड़क हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचकर दुर्घटना से जुड़ी सभी जरूरी जानकारी सीधे ऐप में दर्ज कर सकेंगे।

इसमें हादसे की लोकेशन, तारीख, समय, दुर्घटना का कारण, घायलों और मृतकों का विवरण समेत अन्य महत्वपूर्ण जानकारी शामिल की जाएगी। इससे एफआईआर और जांच प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक तेज और पारदर्शी होगी। अधिकारियों ने बताया कि ऐप के माध्यम से एकत्र किए गए डेटा से उन स्थानों की पहचान भी की जा सकेगी जहां बार-बार सड़क हादसे हो रहे हैं।

ऐसे ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित होने के बाद वहां ट्रैफिक व्यवस्था, संकेतक और अन्य सुरक्षा उपायों को मजबूत किया जाएगा, ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों को डेटा एंट्री प्रक्रिया, रिपोर्टिंग सिस्टम और तकनीकी संचालन की जानकारी भी दी गई।

अधिकारियों ने इसे सड़क सुरक्षा और आधुनिक जांच व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के सही कारणों को समझना और समय रहते जरूरी कदम उठाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ,फ्ङ्मअऊ ऐप के जरिए हादसों का सटीक डेटा एकत्र होगा, जिससे जांच प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनेगी तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर सड़क सुरक्षा को और मजबूत किया जा सकेगा।

# नाबार्ड ने 'पंजाब के विकास में एमएसएमई की भूमिका' पर किया सत्र आयोजित



चंडीगढ़ में नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (नाबार्ड) द्वारा ह्लपंजाब के विकास में एमएसएमई की भूमिकाह्व विषय पर एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के योगदान और संभावनाओं पर विचार-विमर्श करना था। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गनाइजेशन (फिको) के प्रधान श्री गुरमीत सिंह कुलार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एमएसएमई सेक्टर पंजाब की औद्योगिक संरचना की रीढ़ है और राज्य की आर्थिक मजबूती में इसकी अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि एमएसएमई न केवल बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करते हैं, बल्कि निर्यात को बढ़ावा देने, नवाचार को प्रोत्साहित करने और औद्योगिक विकास को गति देने में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। श्री कुलार ने यह भी कहा कि पंजाब की समग्र प्रगति काफी हद तक एमएसएमई क्षेत्र के विकास पर निर्भर करती है। उन्होंने सरकार से अपील की कि एमएसएमई के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जाए, जिसमें आसान वित्तीय सहायता, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और सरल नीतियां शामिल हों। सत्र के दौरान विभिन्न विशेषज्ञों ने भी अपने विचार साझा किए और एमएसएमई क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने के उपायों पर चर्चा की।

# शास्त्री नगर अंडरब्रिज के पास मिला युवक का शव, हत्या की आशंका से सनसनी

अजीत झा.चंडीगढ़। चंडीगढ़ में रविवार को एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की उम्र करीब 29 वर्ष बताई जा रही है। प्रारंभिक तौर पर युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया, जिसने मौके से अहम साक्ष्य जुटाए। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार, युवक का शव शास्त्री नगर अंडरब्रिज के पास पड़ा मिला। मृतक की पहचान शास्त्री नगर निवासी नंदू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि नंदू पिछले कुछ दिनों से घर से लापता था और उसके परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इसी बीच रविवार को उसका शव संदिग्ध हालत में मिलने से परिवार में मातम पसर गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, अंडरब्रिज के पास से गुजर रहे राहगीरों ने युवक का शव पड़ा देखा, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक के परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि मृतक की किसी से कोई रंजिश तो नहीं थी। इसके अलावा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि मौत से पहले नंदू किन लोगों के संपर्क में था और कहां-कहां गया था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।



# बाली की पावन धरती पर गूंजा श्रीमद्भागवत कथा का दिव्य रस

## कथा से मिलती है जीवन को नई दिशा और सकारात्मक ऊर्जा : संजीव गुप्ता
























इंडोनेशिया के विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बाली की पावन धरती पर श्री भागवत सेवा परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा वाचिका देवी चित्रलेखा जी ने अपने मधुर एवं ओजस्वी प्रवचनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजन, दीप प्रज्वलन और श्रीमद्भागवत जी के पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर वातावरण 'राधे-राधे' 'हरे कृष्णा' के जयघोषों से भक्तिमय हो उठा।

श्रद्धालु पारंपरिक भारतीय वेशभूषा में भक्ति भाव से झूमते नजर आए। देवी चित्रलेखा जी ने कथा के प्रथम दिवस में श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य मार्ग है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब मानव तनाव, अशांति और भौतिकता में उलझा हुआ है, तब श्रीमद्भागवत कथा व्यक्ति को आत्मिक शांति और ईश्वर से जोड़ने का कार्य करती है। उन्होंने भक्ति, प्रेम और सेवा के महत्व को समझाते हुए सभी श्रद्धालुओं को अपने जीवन में संस्कारों को अपनाने का संदेश दिया। बाली जैसे विदेशी पर्यटन स्थल पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन भारतीय संस्कृति की वैश्विक पहचान को और मजबूत कर रहा है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

क्या Audio या Video Recordi»»fg secretly करना कानूनी है ?

आज के समय में मोबाइल फोन के कारण Audio और video recording करना बहुत आसान हो गया है। वैवाहिक और पारिवारिक विवादों में लोग अक्सर secretly recordings करने लगते हैं, लेकिन इसका कानूनी पक्ष समझना जरूरी है। भारतीय कानून में हर secretly recorded Audio या video अपने आप illegal नहीं माना जाता। कई मामलों में अदालत ऐसी recordings को evidence के रूप में स्वीकार भी कर सकती है, यदि वे मामले से संबंधित हों और उनकी Authenticity साबित हो सके।

हालांकि, privacy (निजता) का अधिकार भी एक महत्वपूर्ण संवैधानिक अधिकार है। इसलिए हर recording की परिस्थितियां महत्वपूर्ण होती हैं।

यदि recording का उद्देश्य harassment, blackmail, morphed content, या किसी की निजी जिंदगी का गलत उपयोग हो, तो यह कानूनी विवाद और आपराधिक कार्रवाई का कारण बन सकता है। वैवाहिक मामलों में courts कई बार secretly recorded conversations को cruelty, threats, abuse या conduct साबित करने के लिए देखती हैं, लेकिन केवल recording होने से मामला अपने आप सिद्ध नहीं हो जाता।

यह भी जरूरी है कि recording में किसी प्रकार की editing या tampering न हो, क्योंकि electronic evidence की reliability अदालत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कई लोग भावनाओं में recordings इकट्ठा करते रहते हैं, लेकिन बाद में वही privacy और admissibility के प्रश्नों में उलझ जाती हैं। निष्कर्ष: Secret recording हर परिस्थिति में illegal नहीं होती, लेकिन उसका उपयोग, उद्देश्य और authenticity अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। Electronic evidence का इस्तेमाल सावधानी और कानूनी समझ के साथ करना चाहिए।

## रूह से रूबरू




चारू नागपाल

## क्या लोकतंत्र की आजादी अपनी सीमाएँ पार कर रही है?

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहाँ हर नागरिक को अपनी बात कहने की स्वतंत्रता दी गई है। यह आजादी हमारे संविधान की सबसे बड़ी ताकत मानी जाती है। लेकिन आज के समय में ऐसा महसूस होने लगा है कि कुछ लोग इस स्वतंत्रता का गलत अर्थ निकाल रहे हैं।

अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर शिष्टाचार, मर्यादा और जिम्मेदारी को पीछे छोड़ दिया गया है। सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव ने लोगों को खुलकर बोलने का मंच दिया है, परंतु कई बार यह मंच अपमान और कटुता फैलाने का साधन बन जाता है। आज कुछ लोग नियम और उसूल तोड़ने को ही अपनी शान समझने लगे हैं। देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री या अन्य संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों के बारे में बिना सोच-समझ के अपमानजनक बातें कहना आम होता जा रहा है। आलोचना लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन आलोचना और अपमान में बड़ा अंतर होता है। लोकतंत्र हमें अधिकार देता है, पर साथ ही जिम्मेदारी भी सिखाता है। यदि नागरिक अपनी भाषा और व्यवहार की मर्यादा भूल जाएँ, तो समाज में सम्मान और अनुशासन कमजोर पड़ने लगता है। इसलिए हमें अपनी स्वतंत्रता का उपयोग समझदारी, सभ्यता और देशहित को ध्यान में रखकर करना चाहिए।

(चारू नागपाल)

# आयकर रिटर्न (ITR) वित्तीय वर्ष 2025-26: जानिए किसे रिटर्न दाखिल करना है जरूरी और किन दस्तावेजों की होगी आवश्यकता

लुधियाना/यूटर्न/24 मई। वित्तीय वर्ष 2025-26 (असेसमेंट ईयर 2026-27) के लिए आयकर रिटर्न (ITR) दाखिल करने का समय आ गया है। यदि आप एक गैर-ऑडिट करदाता (Non-Audit Case) हैं, तो आपके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 तय की गई है। वहीं, व्यावसायिक करदाताओं (Business Taxpayers) के लिए यह तारीख 31 अगस्त 2026 है। समय पर आईटीआर दाखिल न करने पर आपको भारी जुर्माना देना पड़ सकता है।

आइए जानते हैं कि इस साल किन लोगों के लिए आईटीआर दाखिल करना अनिवार्य है और इसके लिए आपको कौन से दस्तावेज तैयार रखने होंगे।

इन परिस्थितियों में ITR दाखिल करना है अनिवार्य (भले ही आपकी आय टैक्स छूट सीमा से कम हो)

आमतौर पर लोग सोचते हैं कि अगर उनकी कमाई टैक्स के दायरे में नहीं है, तो उन्हें रिटर्न दाखिल करने की जरूरत नहीं है। लेकिन सरकार के नियमों के मुताबिक, यदि आप नीचे दिए गए किसी भी दायरे में आते हैं, तो आपके लिए रिटर्न फाइल करना कानूनी रूप से अनिवार्य है:

01. विदेशी संपत्ति या खाता: यदि आपके पास भारत से बाहर कोई संपत्ति है, किसी विदेशी खाते में साइनिंग अथॉरिटी (हस्ताक्षर करने का अधिकार) है, या आप किसी विदेशी संपत्ति के लाभार्थी हैं।

02. बैंक खाते में बड़ा डिपॉजिट: यदि आपने साल भर में अपने एक या अधिक करंट अकाउंट्स (चालू खातों) में 1 करोड़ रुपये से अधिक जमा किए हैं। या फिर अपने सेविंग्स अकाउंट्स (बचत खातों) में कुल मिलाकर 50 लाख रुपये या उससे अधिक



जमा किए हैं।

03. विदेशी यात्रा पर खर्च : यदि आपने खुद पर या किसी अन्य व्यक्ति की विदेश यात्रा पर 2 लाख रुपये से अधिक खर्च किए हैं।

04. बिजली का भारी बिल: यदि आपका सालाना बिजली बिल 1 लाख रुपये से अधिक आया है।

05. बिजनेस और प्रोफेशन टर्नओवर: यदि आपके बिजनेस का कुल टर्नओवर/बिक्री 60 लाख रुपये से अधिक रही हो, या प्रोफेशनल ग्रॉस रिसीप्ट (जैसे डॉक्टर, वकील, फ्रीलांसर की कमाई) 10 लाख रुपये से अधिक रही हो।

06. TDS/TCS कटौती: यदि बीते साल आपका कुल टर्नओवर या आय पर 25,000 रुपये या उससे अधिक का TDS/TCS कटा है (वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह सीमा 50,000 रुपये है)।

इसके अलावा, यदि आपकी आय बेसिक टैक्स छूट सीमा से अधिक है, डिजिटल एसेट्स/क्रिप्टो या कैपिटल गेंस से कमाई हुई है, या आप लोन/वीजा के लिए आवेदन करना चाहते हैं, तो आपको आईटीआर जरूर दाखिल करना चाहिए।

### ITR फाइलिंग के लिए जरूरी दस्तावेजों की चेकलिस्ट

रिटर्न दाखिल करते समय किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए इन जरूरी दस्तावेजों को पहले से संभाल कर रख लें:

बुनियादी विवरण (Mandatory): पैन कार्ड (ढअठ), आधार कार्ड, इनकम टैक्स पोर्टल का पासवर्ड, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, और साल भर के बैंक स्टेटमेंट/पासबुक।

सैलरी क्लास (Salaried Employees) के लिए: फॉर्म 16 (Form 16) या पे-स्लिप। अगर ये न हों, तो सैलरी क्रेडिट दिखाने वाला बैंक स्टेटमेंट या नियोक्ता का सर्टिफिकेट।

घर की संपत्ति (House Property Owners): घर का पता, साल भर में मिला किराया, और यदि होम लोन चल रहा है, तो बैंक से मिला लोन स्टेटमेंट या ब्याज सर्टिफिकेट।

बिजनेस/प्रोफेशनल इनकम: यदि आप अकाउंट बुक्स मेंटेन करते हैं, तो बैलेंस शीट और P&L स्टेटमेंट। यदि मेंटेन नहीं करते, तो साल भर की बिक्री, खर्चों का विवरण और बैंक क्लोजिंग बैलेंस। जीएसटी रजिस्टर्ड बिजनेस के लिए जीएसटी रिटर्न के अनुसार बिक्री का विवरण।

कैपिटल गेंस (Capital Gains): शेयर, म्यूचुअल फंड या सिक्योरिटीज की बिक्री पर ब्रोकर से मिली गेन/लॉस रिपोर्ट। जमीन या मकान बेचने पर रजिस्ट्री की कॉपी और बिक्री से जुड़े खर्चों का ब्यौरा। सोना, ज्वेलरी या क्रिप्टो बेचने पर खरीद-बिक्री के बिल और वॉलेट स्टेटमेंट।

अन्य कमाई (Other Income): सेविंग्स बैंक का ब्याज, फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) का ब्याज, डिविडेंड, कमीशन या एग्रीकल्चरल इनकम का विवरण।

टैक्स-बचत निवेश (Investments/Expenses): एलआईसी (LIC) प्रीमियम, बच्चों की स्कूल फीस, पीपीएफ (PPF), एनपीएस (NPS), सुकन्या समृद्धि स्कीम, मेडिकल इंश्योरेंस प्रीमियम, और होम लोन या एजुकेशन लोन के ब्याज का सर्टिफिकेट।

### छूट और लेट फीस का रखें ध्यान

धारा 87अ के तहत रिबेट: नई टैक्स व्यवस्था (New Tax Regime) के तहत, यदि किसी निवासी व्यक्ति की कुल आय 12,00,000 रुपये तक है, तो वह नियमानुसार टैक्स रिबेट (छूट) का दावा कर सकता है।

लेट फीस (Late Filing Fees): यदि आप तय डेडलाइन (31 जुलाई/31 अगस्त) के बाद रिटर्न फाइल करते हैं, तो 5 लाख रुपये तक की आय वालों पर 1,000 रुपये और 5 लाख रुपये से अधिक की आय वालों पर 5,000 रुपये की लेट फीस लगाई जाएगी।

निष्कर्ष : आखिरी समय की हड़बड़ी और जुर्माने से बचने के लिए जरूरी है कि आप अपने सारे दस्तावेज आज ही जुटा लें। समय पर आईटीआर दाखिल करने से न केवल आप कानूनी रूप से सुरक्षित रहते हैं, बल्कि भविष्य में लोन या वीजा लेने में भी आसानी होती है।

# जालंधर के गुरिंदर ने भारतीय एथलेटिक्स में रचा इतिहास, 100 मीटर दौड़ 10.09 सैकेंड में की पूरी

जालंधर/यूटर्न/24 मई। जालंधर के गुरिंदर वीर सिंह ने रांची में भारतीय एथलेटिक्स का नया इतिहास लिख दिया है। 29वें नेशनल सीनियर फेडरेशन कप में पंजाब के इस धावक ने 100 मीटर दौड़ मात्र 10.09 सेकंड में पूरी की। गुरिंदर वीर की उलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल है। करीब 90 साल की दादी ने भी लड्डू खाकर पोते को आशीर्वाद दिया। गुरिंदर वीर के पिता कमलजीत सिंह ने कहा कि जैसे ही बेटे ने रेस जीती तो उसके मोबाइल पर बधाइयों के फोन आना शुरू हो गए। फोन बिजी होने से बेटे से पहली बात उसकी मां की हुई। जब उसने मुझे फोन किया तो एक ही बात कही कि डेडी दस्स फेर किदां (अब बताओ कैसा लगा) गुरिंदर की मां गुरविंदर कौर ने बताया कि रेस जीतने के बाद उसने पहला फोन मुझे किया और कहा कि मम्मी मेरी रेस देखी। मैंने कहा कि हां तूने कमाल कर दिया। रेस जीतने



और रिकॉर्ड तोड़ने का पता लगने के बाद से गुरिंदर वीर के घर के बाहर लोगों की भीड़ लग गई। आस-पड़ोस के लोग घर के बाहर पहुंचे और परिवार को बधाई दी।

### पहले ही रिकॉर्ड लिखा था, मुझे पता नहीं था

नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाले गुरिंदर वीर ने कॉमनवेल्थ गेम्ज में अपनी जगह पक्की कर ली। बिरसा मुंडा स्टेडियम में फाइनल दौड़ पूरी करते ही गुरिंदर ने अपनी छाती पर लगे नंबर (चेस्ट नंबर) की ओर इशारा किया। उन्होंने फाइनल से पहले ही उस नंबर के पीछे अपना लक्ष्य 10.10 लिख दिया था। इस बारे में पूछने पर उनके पिता ने कहा कि गुरिंदर ने पहले ही रिकॉर्ड का समय लिख रखा था, इसकी जानकारी उनको भी न्यूज के माध्यम से चली। इसके साथ ही उसने लिखा था- रुको, मैं अब भी खड़ा हूं। बता दें कि 100 मी. दौड़ का वर्ल्ड रिकॉर्ड (9.58 सेकंड) जमैका के महान धावक उसेन बोल्ट के नाम है।

# धर्मेंद्र के गांव नसराली के विक्रमजीत कनाडा में बने जज, 50 साल पहले पंजाब से कनाडा बसा औजला परिवार, वहीं हुई पढ़ाई

खन्ना/यूटर्न/24 मई। लुधियाना जिले के खन्ना के पास स्थित नसराली गांव के लिए यह बेहद गर्व और ऐतिहासिक क्षण है। इस गांव से ताल्लुक रखने वाले विक्रमजीत सिंह औजला को कनाडा के ओंटारियो प्रांत में न्यायाधीश (जज) नियुक्त किया गया है।

उनकी इस शानदार और ऐतिहासिक उपलब्धि की खबर मिलते ही नसराली गांव समेत पूरे खन्ना क्षेत्र में खुशी और जश्न का माहौल है। गांव के सेवानिवृत्त (रिटायर्ड) शिक्षक जसवंत सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि विक्रमजीत के पिता नाहर सिंह औजला उनके पुराने और घनिष्ठ मित्र हैं। औजला परिवार साल 1976 में पंजाब से कनाडा जाकर बस गया था। विक्रमजीत का जन्म और शुरूआती पढ़ाई-लिखाई कनाडा में ही हुई।

### बचपन से ही था होनदार

जसवंत सिंह के अनुसार, विक्रमजीत बचपन से ही बेहद



होनहार, प्रतिभाशाली और कड़ी मेहनत करने वाले रहे हैं। उन्हें यह प्रेरणा अपने परिवार से मिली, क्योंकि उनके पिता नाहर सिंह औजला कनाडा में सिटी काउंसलर रह चुके हैं और उनकी माता अवतार कोर भी वर्तमान में समाज सेवा के कार्यों से जुड़ी हुई हैं।

### सहायक क्राउन अटॉर्नी के रूप में निभाई अहम भूमिका

गांव के प्रतिष्ठित नागरिक हाकम सिंह ने विक्रमजीत के पेशेवर करियर की जानकारी साझा करते हुए बताया कि उन्होंने वर्ष 2011 में प्रतिष्ठित 'ओंटारियो बार काउंसिल' की सदस्यता हासिल की थी। इसके बाद, उन्होंने ब्रैम्पटन स्थित 'पील क्राउन अटॉर्नी' कार्यालय में बतौर सहायक क्राउन अटॉर्नी लंबे समय तक अपनी सेवाएं दीं। अपने इस कार्यकाल के दौरान विक्रमजीत ने कई जटिल और महत्वपूर्ण आपराधिक मामलों की पैरवी की और कनाडाई कानून के क्षेत्र में एक खास पहचान बनाई, जिसका परिणाम आज उनकी जज के रूप में नियुक्ति के रूप में सामने आया है।

# हरियाणा ने 24 जुलाई के बाद फेडरल बैंक, आईडीबीआई बैंक और डीसीबी बैंक की एम्पेनलमेंट वापस ली

चंडीगढ़/यूटर्न/24 मई। हरियाणा सरकार ने राज्य में सरकारी कामकाज करने के लिए फेडरल बैंक, आईडीबीआई बैंक और डीसीबी बैंक सहित कई बैंकों की एम्पेनलमेंट (सूची में शामिल होने की अनुमति) वापस ले ली है, और 12 जुलाई, 2024 की बैंक एम्पेनलमेंट नीति के ढांचे को फिर से लागू कर दिया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) अरुण गुप्ता द्वारा 18 मई को जारी निर्देशों में कहा गया है कि 12 जुलाई, 2024 के एम्पेनलमेंट निर्देशों के बाद एम्पेनलमेंट और जमा निवेश की सीमा बढ़ाने के संबंध में लिए गए सभी निर्णय तत्काल प्रभाव से वापस ले लिए जाते हैं। गुप्ता ने कहा, समय-समय पर मिलान सुनिश्चित करने के लिए, उसी बैंक में फिक्स्ड डिपॉज़िट का




नवीनीकरण प्रतिबंधित होगा। मैच्योरिटी पर मिलने वाली रकम किसी अन्य पैनल में शामिल बैंक में जमा की जाएगी, भले ही वहां मिलने वाली ब्याज दर थोड़ी कम ही क्यों न हो। कोटेशन मंगाने से पहले कम से कम तीन कार्य दिवसों का नोटिस दिया जाएगा। समिति की सिफारिशों पर लिया फैसला

वित्त विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ये फैसले राज्य की बैंकिंग नीति और अनाधिकृत फंड ट्रांसफर पर बनी उच्च-स्तरीय समिति की सिफारिशों के आधार पर लिए गए हैं। गुप्ता की अध्यक्षता में गठित इस समिति का उद्देश्य आईडीएफसी फस्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक से सरकारी फंड के कथित अनाधिकृत ट्रांसफर की जांच करना और राज्य की बैंकिंग नीति की समीक्षा करना था।

**समिति को सौंपे थे कई कार्य**

समिति को आईडीएफसी फस्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक को पैनल में शामिल करने की प्रक्रिया की जांच करने; विभिन्न विभागों द्वारा इन बैंकों में बड़ी मात्रा में सरकारी फंड जमा करने के फैसलों की समीक्षा करने; सरकारी विभागों द्वारा खातों का मिलान न किए जाने से संबंधित मुद्दों को देखने; और इस संबंध में किसी भी प्रकार की चूक, प्रक्रियागत कमियों या प्रणालीगत विफलताओं का पता लगाने का कार्य सौंपा गया था।

# भावाधस द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया 62वां स्थापना दिवस

लुधियाना/यूटर्न/24 मई। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) द्वारा मुख्य संचालक वीरश विजय दानव की अगुवाई में स्थानीय पंजाबी भवन पर संस्था का 62वां जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय संचालक कर्मयोगी चौधरी यशपाल ने विशेष रूप से सहभागिता की। इस दौरान सबसे पहले मुक्ति माला का पाठ करके आज का समारोह शुरू किया गया और पूरे भावाधस नेताओं द्वारा भावाधस के संस्थापक प्रथम आदि धर्म गुरु ब्रह्मलीन प्रभु ऋषीनाथ रतनाकर



जी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर संत विसरवा ऋषि जी भावाधस में शामिल हुए। इस मौके पर विजय दानव ने कहा कि 24 मई 1964 को लुधियाना की पवित्र और पुण्य भूमि पर प्रभु रतनाकर जी द्वारा भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की नींव रखी गई थी। उन्होंने कहा कि आदि नितनेम, सच्ची प्रार्थना, शारशब्द आदि उन्हीं की कौम को दी हुई विरासत हैं। इस मौके पर माता उषा मति द्रविड़, अश्वनी भील, अक्षय राज, रोहित सहोता, विमल भट्टी, राजेंद्र हंस, महक सिंह चौहान, सुधीर धारिवाल, श्याम बोह्त, सुरेंद्र सोदाई, संजय दिसावर, जितेंद्र घवरी, सुरेश सैली, संजीव बेगड़ा, अशोक दानव, धर्मवीर मचल, लकी सर्वट्टा, दीपू घई, एकलव्य बरुट, लव दाविड़, शिव बिडलान, विजय चौहान, सिकंदर चौहान, वीरांगी राज रानी, मदन धारिवाल, कन्नौज दानव आदि हाजिर थे।

# भजन और हरिनाम संकीर्तन से प्रसन्न होते हैं श्री महाराज जी - प. राज कुमार शर्मा

लुधियाना/यूटर्न/24 मई। लुधियाना के श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में साप्ताहिक हरिनाम संकीर्तन के साथ अधिक मास, पुरुषोत्तम मास (मल मास) के पावन अवसर पर आयोजित 30 दिवसीय महामंत्र जाप के आठवें दिन का आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित राज कुमार शर्मा द्वारा की जा रही है। महामंत्र जाप के आठवें दिन श्री सिद्ध पीठ परिवार के हरिपाल आहूजा, केशव जोशी, विशाल अरोड़ा, अश्वनी ग्रोवर, ब्रिज मोहन ढींगरा, पंडित दीपक शर्मा, संदीप लांबा, प्रिंस छाबड़ा, सोमनाथ बबू एवं ललित शर्मा ने सामूहिक रूप से हरिनाम संकीर्तन करते हुए ह्हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे, हरे राम हरे राम राम राम हरे हरेह्व महामंत्र का जाप किया। श्रद्धालु भक्ति रस में डूबकर देर तक संकीर्तन में झूमते रहे। मंदिर परिसर



भक्तिमय वातावरण और श्री हरे कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर पंडित राज कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि अधिक मास भगवान की भक्ति, साधना और नाम जाप का विशेष अवसर होता है। संकीर्तन उपरांत सामूहिक प्रार्थना एवं आरती की गई तथा श्रद्धालुओं ने प्रभु चरणों में सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की।

# राजीव कॉलोनी में सट्टे के अड्डे पर क्राइम ब्रांच की रेड, आरोपी रंगे हाथ गिरफ्तार

पंचकूला। पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 ने अवैध सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए राजीव कॉलोनी क्षेत्र में चल रहे सट्टे के खेल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने छापेमारी कर एक सट्टा खाईवाल को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से नकदी और सट्टा पर्चियां बरामद हुई हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि राजीव कॉलोनी और आसपास के इलाके में एक व्यक्ति खुलेआम लोगों को सट्टा खेलने के लिए उकसा रहा है और अवैध रूप से सट्टा खाईवाली का धंधा चला रहा है। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के निर्देशन और इंचार्ज मुकेश सैनी की अगुवाई में कार्रवाई की योजना बनाई। पुलिस ने सेक्टर-17 स्थित खेड़ा मंदिर के पास रेड की। कार्रवाई के दौरान एक पुलिसकर्मी को बोगस ग्राहक बनाकर मौके पर भेजा गया। आरोपी लोगों को एक रुपये के बदले 90 रुपये मिलने का लालच देकर नंबरों पर सट्टा लगवा रहा था। जैसे ही आरोपी ने सट्टा लगवाया, पुलिस टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान अमन (31) निवासी न्यू इंदिरा कॉलोनी चंडीगढ़ और हाल निवासी राजीव कॉलोनी सेक्टर-17 पंचकूला के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से सट्टा पर्चियां और 5050 रुपये नकद बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-14 पंचकूला में जुआ अधिनियम की धारा 3(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा कि जिले में अवैध सट्टा, जुआ और अन्य आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अमृतसर अधिवेशन में भावाधस का शक्ति प्रदर्शन, नई नियुक्तियों से संगठन को मिली नई दिशा

अजीत झा.

चंडीगढ़। भावाधस संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर अमृतसर में आयोजित भव्य अधिवेशन में संगठन ने अपनी एकजुटता और विस्तार का बड़ा संदेश दिया। देशभर से पहुंचे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में संगठन की भविष्य की रणनीतियों, सामाजिक अभियानों और



संगठनात्मक मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान संगठन में कई महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा भी की गई, जिन्हें भावाधस के सर्वोच्च वीरेश नरेश डिगान द्वारा आधिकारिक रूप से मंजूरी दी गई। अधिवेशन में विरोतम ओमपाल सिंह चावर को भावाधस का राष्ट्रीय निर्देशक नियुक्त किया गया। संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका और लंबे समय से किए जा रहे सामाजिक कार्यों को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं समदर्श वेद जोसफ को ट्राइसिटी क्षेत्र का संयोजक नियुक्त किया गया, जिन पर संगठन के विस्तार और युवाओं को जोड़ने की अहम जिम्मेदारी रहेगी। इसके अलावा ज्योति हंस को चंडीगढ़ ट्राइसिटी भावाधस महिला विंग की प्रभारी बनाया गया। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि महिला विंग को मजबूत करने और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। अधिवेशन के दौरान संगठन के नेताओं ने कहा कि भावाधस केवल एक संगठन नहीं बल्कि सामाजिक जागरूकता और मानव सेवा का एक मजबूत मंच बन चुका है। आने वाले समय में संगठन शिक्षा, सामाजिक समरसता, महिला सशक्तिकरण और युवाओं को दिशा देने के लिए कई बड़े अभियान चलाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से पहुंचे संगठन के सदस्यों और पदाधिकारियों ने भाग लिया और नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। पूरे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल देखने को मिला और संगठन के विस्तार को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा जोश नजर आया।

# बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने हल्का चबेवाल में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को बड़ा झटका दिया

## भारी गिनती में युवा आम आदमी पार्टी और कांग्रेस छोड़कर बसपा में शामिल हुए/एडवोकेट पलविंदर माना





होशियारपुर/ दलजीत अजनोहा – बहुजन समाज पार्टी हल्का चबेवाल के संगठन सदस्यों की एक विशेष बैठक राजेश भून्नो और चंदन सिंह के नेतृत्व में हंदोवाल में हुई।

इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट पलविंदर माना (इनचार्ज, बसपा हल्का चबेवाल) पहुंचे और उनके साथ राकेश किटी (जिला सचिव) भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यों के साथ विचार-विमर्श किया गया बसपा हल्का चबेवाल की टीम के सदस्यों ने चर्चा की कि हलके के प्रत्येक गाँव के साथ संपर्क स्थापित करके गाँव-गाँव बैठकें कराकर बसपा की पंजाब संभालो मुहिम की नीतियों को हर गाँव और हर घर तक पहुँचाया जाएगा। हल्का चबेवाल में निरंतर बैठकों के माध्यम से संगठन को मजबूत किया जाएगा।

इस मौके पर बड़ी संख्या में युवाओं ने बसपा की ₹पंजाब संभालो₹ मुहिम की नीतियों से प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बसपा में शामिल होने की इच्छा जताई और इस अवसर पर एडवोकेट पलविंदर माना ने उन युवा साथियों को सम्मानपूर्वक बसपा का सिरोपा डाल कर के पार्टी में शामिल किया।

एडवोकेट पलविंदर माना ने बताया कि हल्का चबेवाल में सैकड़ों युवा आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और अन्य पार्टियों को छोड़कर बसपा में शामिल हो चुके हैं।

मौके पर उपस्थित साथियों में विक्की बंगा (इश्त्र्), बलवंत सहगल, राजेश भून्नो, चरणजीत बाहोवाल, रुपा बंगा (बसपा अग्रणी), चंदन सिंह, स मखन सिंह खालसा, पर्वीन कुमार, जतिंदर सिंह राजू, कुंदन सरंगवाल, राजन, समीर माना, अनिकेत, सौरव हीर, सुरखाब सिंह, सागर और अन्य बड़ी संख्या में युवा साथी मौजूद थे।

# पंजाब में 168 करोड़ की हेरोइन समेत चार तस्कर गिरफ्तार, पाक तस्करों ने भिजवाई थी खेप, ड्रग मनी भी बरामद

पंजाब/यूटर्न/24 मई। पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस विंग फिरोजपुर ने पाकिस्तान से चल रहे ड्रग तस्करी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 28.12 किलो हेरोइन और 9.5 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। बताया जा रहा है कि आरोपियों से बरामद हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 168 करोड़ आंकी गई है। यह कार्रवाई फिरोजपुर के गुरूहरसहाय इलाके में की गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह मॉड्यूल विदेश में बैठे तस्करों और हैंडलरों के संपर्क में था। आरोपियों को सीमा पार से भेजी गई हेरोइन की खेप उठाने और उसे भारत के अलग-अलग इलाकों में सप्लाई करने का जिम्मा सौंपा गया था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क से जुड़े हुए थे। जांच एजेंसियां अब इस नेटवर्क के आगे और पीछे के लिंक खंगाल रही हैं ताकि पूरे गिरोह को तोड़ा जा सके। आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां तथा बरामदगी होने की संभावना जताई जा रही है। पंजाब पुलिस ने कहा कि सीमा पार से होने वाली तस्करी और नशा कारोबार के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने दोहराया कि राज्य में नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।



# गुरुद्वारा साहिब में निमार्णाधीन इमारत नीचे जाप कर रही संगत पर गिरी लोहे की प्लेटें, 2 महिलाओं की मौत, बच्ची समेत 9 जख्मी

पंजाब/यूटर्न/24 मई। अमृतसर में गुरुद्वारा शहीद गंज बाबा दीप सिंह जी में रविवार को निमार्णाधीन लंगर हॉल की छत में लगी लोहे की शटरिंग प्लेट अचानक टूटकर नीचे बैठी महिलाओं पर गिर गई।

हादसे में 2 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बच्ची समेत 9 महिलाएं घायल हो गईं। सभी घायलों को श्री गुरु रामदास अस्पताल में भर्ती करवाया। घायलों में एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के मुताबिक हादसे के समय महिलाएं लंगर हॉल में बैठकर गुरु नाम का जाप कर रही थीं।

इसी दौरान 30-35 फीट ऊपर से करीब 10 फीट लंबी और लगभग 200 किलो वजनी लोहे की प्लेट ऊपर से गिर गई। उस समय गुरुद्वारे में 20 हजार से ज्यादा श्रद्धालु मौजूद थे।



मरने वाली महिलाओं में अभी एक की ही पहचान हुई है। गांव सठियाला की राजरानी की मौत हो गई।

वहीं घायलों में रजनी निवासी गांव सठियाला, सीमा निवासी बटाला, दलजीत कौर निवासी सुंदर नगर (लुधियाना), बव्रीत कौर (14) निवासी गुरु अमरदास एवेन्यू (अमृतसर), परमजीत कौर निवासी वार्ड नंबर 3 (फतेहगढ़ चूड़ियां), बलजीत कौर निवासी हिम्मतपुरा (मोगा), मनीषा धवन निवासी मेन बाजार (फिरोजपुर), राज कौर निवासी रजाताल (अमृतसर) और कश्मीर कौर निवासी गुल्लेह पंडोरी, तरनतारन शामिल हैं।

### मृतकों को एसजीपीसी देगी २-२ लाख सहायता

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने मृतक महिलाओं के परिवारों को 2-2 लाख देने का ऐलान किया। एसजीपीसी प्रधान ने कहा कि ये प्लेट तेज हवा चलने के कारण गिरी। चश्मदीद जगजीत सिंह का कहना है कि यहां हर रविवार जपजी साहिब चलता था। अचानक जोरदार आवाज सुनाई दी। जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि शटरिंग की लोहे की प्लेट के नीचे करीब 8 से 9 महिलाएं दबी हुई थीं।

# नया गांव को न्यू चंडीगढ़ से जोड़ेंगे, विकास पर 500 करोड़ खर्च करेगी अकाली दल सरकार: सुखबीर बादल

मोहाली।निकाय चुनाव प्रचार के बीच शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने नया गांव के विकास को लेकर बड़ा ऐलान किया है। रविवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में अकाली दल की सरकार बनने पर नया गांव के एकीकृत विकास के लिए 500 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सुखबीर बादल ने कहा कि नया गांव की सभी कॉलोनियों को वैध बनाया जाएगा और क्षेत्र में आधुनिक सड़क नेटवर्क, बेहतर सीवरेज व्यवस्था और सार्वजनिक लाइटों की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि अकाली दल नया गांव को हर तरह से न्यू चंडीगढ़ का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए काम करेगा। उन्होंने कहा कि नया गांव से उनका और उनके परिवार का पुराना संबंध रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने भी इस क्षेत्र में काफी समय बिताया था, लेकिन आज यहां के लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सुखबीर बादल ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी सरकार पर क्षेत्र की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों सरकारों ने नया गांव के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अकाली दल की सरकार बनने के बाद वह स्वयं क्षेत्र का दौरा कर लोगों से विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। जनसभा के दौरान उन्होंने रविंदर सिंह खेड़ा के कार्यों की सराहना करते हुए लोगों से उन्हें समर्थन देने की अपील भी की। इस मौके पर पार्टी नेता गुरध्यान सिंह और एसजीपीसी सदस्य अजमेर सिंह खेड़ा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# हरियाणा में टिकाऊ खेती को बढ़ावा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और DSR पर जोर

हरियाणा सरकार ने राज्य में कृषि को अधिक टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल बनाने के लिए व्यापक योजना तैयार की है। इस पहल के तहत किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड (सॉइल हेल्थ कार्ड) जारी किए जाएंगे, जिससे वे अपनी भूमि की गुणवत्ता के अनुसार फसलों और उर्वरकों का सही चयन कर सकें। साथ ही, राज्य में 1.5 लाख एकड़ भूमि को प्राकृतिक और जैविक खेती क्लस्टर्स के अंतर्गत लाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि रसायनों के उपयोग को कम किया जा सके।



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में हरियाणा विजन 2047 एक्शन प्लान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए। (24.05.2026)

# किशोरों के गुस्से पर 'पॉज बटन' का असर, PGI से जुड़े शोध में एंगर मैनेजमेंट ट्रेनिंग के सकारात्मक नतीजे



चंडीगढ़।मोबाइल और वीडियो गेम की तरह अब किशोरों को गुस्से पर नियंत्रण के लिए ह्रपॉज बटनह्न दबाना सिखाया जा रहा है। चंडीगढ़ स्थित पीजीआई से जुड़े एक शोध में सामने आया है कि सही समय पर दी गई एंगर मैनेजमेंट ट्रेनिंग किशोरों के आक्रामक व्यवहार को काफी हद तक कम कर सकती है। यह अध्ययन मई 2026 में इंटरनेशनल जर्नल फॉर मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च में प्रकाशित हुआ है। शोध के अनुसार किशोरावस्था में शारीरिक, मानसिक और सामाजिक बदलाव तेजी से होते हैं, जिससे गुस्सा, चिड़चिड़ापन और आक्रामक व्यवहार बढ़ना सामान्य माना जाता है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी कि यदि इस व्यवहार को समय रहते नियंत्रित न किया जाए तो यह हिंसा, अपराध, नशे और मानसिक समस्याओं का कारण बन सकता है। इस रिसर्च में जालंधर के फीनिक्स ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की असिस्टेंट प्रोफेसर कंचन, पीजीआई के न्यूरोलॉजी विभाग में स्ट्रोक टीम कोऑर्डिनेटर महेंद्र कुमार और शिमला नर्सिंग कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर रितिका सोनी शामिल रहीं। अध्ययन हिमाचल प्रदेश के शिमला स्थित सरकारी स्कूलों के 80 किशोरों पर किया गया।

### ट्रेनिंग के बाद घटा आक्रामक व्यवहार

शोधकर्ताओं ने किशोरों के व्यवहार का मूल्यांकन मॉडिफाइड बस एंड पेरी एग्रेसन क्वेश्चनेयर के जरिए किया। इसके बाद 10 दिनों तक एंगर मैनेजमेंट स्किल ट्रेनिंग दी गई। एक सप्ताह बाद किए गए परीक्षण में उल्लेखनीय बदलाव सामने आए।अध्ययन के मुताबिक ट्रेनिंग से पहले किशोरों का औसत एग्रेसन स्कोर 90.85 था, जो बाद में घटकर 66.06 रह गया। पहले 95 प्रतिशत किशोर मध्यम स्तर की आक्रामकता श्रेणी में थे, लेकिन ट्रेनिंग के बाद 75 प्रतिशत किशोर हल्के स्तर की आक्रामकता श्रेणी में पहुंच गए।

### गुस्से को संभालने के आसान तरीके सिखाए

ट्रेनिंग के दौरान किशोरों को गुस्सा आने पर तुरंत प्रतिक्रिया न देने, गहरी सांस लेने, कुछ समय शांत रहने और स्थिति से थोड़ी देर दूर हटने जैसी तकनीकें सिखाई गईं। साथ ही उन्हें समझाया गया कि अपनी बात शांत तरीके से रखना झगड़े और तनाव को कम करने में मदद करता है। विशेषज्ञों ने बच्चों को पॉजिटिव सोच अपनाने, दूसरों की बात सुनने, छोटी बातों को नजरअंदाज करने और खेल, संगीत, योग व दोस्तों से बातचीत जैसी गतिविधियों के जरिए तनाव कम करने की सलाह दी।

### स्कूलों में नियमित कार्यक्रम चलाने की सिफारिश

शोधकर्ताओं का कहना है कि किशोरों का मस्तिष्क पूरी तरह विकसित नहीं होता, इसलिए वे भावनात्मक प्रतिक्रिया जल्दी देते हैं। ऐसे में स्कूलों और परिवारों में संवाद, काउंसलिंग और एंगर मैनेजमेंट ट्रेनिंग की जरूरत बढ़ गई है। अध्ययन में स्कूलों और नर्सिंग संस्थानों में नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम चलाने की सिफारिश की गई है, ताकि भविष्य में हिंसक और आक्रामक व्यवहार की घटनाओं को कम किया जा सके।

# गांव दरिया में निक्कू पांडे का भव्य स्वागत, बीजेपी युवा मोर्चा के स्टेट ट्रेजरर बनने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह

चंडीगढ़।भारतीय जनता युवा मोर्चा के स्टेट ट्रेजरर नियुक्त किए जाने के बाद निक्कू पांडे का गांव दरिया में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर दरिया गांव के पूर्व सरपंच सरदार गुरप्रीत सिंह हैप्पी ने अपने साथियों और कार्यकर्ताओं सहित निक्कू पांडे को सम्मानित कर उन्हें हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे और पूरे माहौल में उत्साह देखने को मिला। पूर्व सरपंच गुरप्रीत सिंह हैप्पी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा निक्कू पांडे को सौंपी गई जिम्मेदारी युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि निक्कू पांडे संगठन के प्रति पूरी निष्ठा, मेहनत और ईमानदारी से कार्य करते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा को और मजबूत करेंगे। साथ ही युवाओं को संगठन से जोड़ने और उनकी आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और युवा मोर्चा लगातार युवाओं को नेतृत्व के अवसर दे रहे हैं और निक्कू पांडे की नियुक्ति इसी सोच को दर्शाती है। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी निक्कू पांडे को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूत होने की उम्मीद जताई। वहीं निक्कू पांडे ने चंडीगढ़ भाजपा अध्यक्ष जितेंदर मलोहत्रा, भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष अभय झा और पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वह पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। निक्कू पांडे ने गांव दरिया में किए गए भव्य स्वागत के लिए पूर्व सरपंच गुरप्रीत सिंह हैप्पी और उनकी पूरी टीम का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का प्यार और समर्थन उन्हें संगठन के लिए और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है।



# सेक्टर-33/45 डिवाइडिंग रोड खुलने पर बुड़ैल में जश्न, लोगों ने नेता शादाब राठी का किया सम्मान





अजीत झा. चंडीगढ़।सेक्टर-33/45 डिवाइडिंग रोड दोबारा खुलने के बाद बुड़ैल क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला।

इस मौके पर बच्चों के माता-पिता और बुड़ैल के स्थानीय निवासियों ने नेता रँु फ्ङ्क के कार्यालय पहुंचकर उन्हें बधाई दी और मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। लोगों ने इसे केवल सड़क खुलने का मामला नहीं, बल्कि क्षेत्रवासियों की एकता, संघर्ष और जीत का प्रतीक बताया।


कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने शादाब राठी को प्यार, सम्मान और समर्थन देते हुए कहा कि उन्होंने लगातार जनता की आवाज उठाई और क्षेत्र की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने का काम किया।

लोगों का कहना था कि सड़क खुलने से अब बच्चों, बुजुर्गों और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

इस अवसर पर शादाब राठी ने बुड़ैल की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का प्यार और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि बुड़ैल के लोगों ने हर जनहित की लड़ाई में उनका साथ दिया है और वह भविष्य में भी क्षेत्र के विकास, सुविधाओं और लोगों के अधिकारों के लिए मजबूती से आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प 'मिलकर अपने बुड़ैल को नंबर वन बनाना' है और वह अपने वार्ड को परिवार मानकर हर सुख-दुख में लोगों के साथ खड़े रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला और लोगों ने सड़क खुलने को बुड़ैल के विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया।

# सेक्टर-9 मार्केट में 'शराब वाली चुस्की' पर विवाद, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद मचा हड़कंप



अजीत झा.चंडीगढ़।चंडीगढ़ की हाईप्रोफाइल सेक्टर-9 मार्केट एक अनोखे और विवादित आयोजन को लेकर चर्चा में आ गई है। यहां स्थित एक शराब ठेके के बाहर बर्फ के गोलों में शराब मिलाकर लोगों को बांटे जाने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद शहर में बहस छिड़ गई है। बताया जा रहा है कि सेक्टर-9 स्थित लिकर वर्ल्ड ठेके के बाहर लगाए गए स्टॉल पर लोगों को ह्रवोदका-जामुन चुस्कीह्न फ्री में दी गई। वायरल वीडियो में बड़ी संख्या में लोग स्टॉल के आसपास जमा दिखाई दे रहे हैं और कई लोग बर्फ के गोले लेते नजर आ रहे हैं। हालांकि शराब की बोतलें बांटे जाने की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। इस पूरे मामले ने प्रशासन और आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि यदि सार्वजनिक स्थान पर शराब मिलाकर खाद्य सामग्री वितरित की गई है, तो इसकी अनुमति किस आधार पर दी गई और क्या नियमों का पालन किया गया। सोशल मीडिया पर इस आयोजन को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कुछ लोग इसे प्रचार का नया तरीका बता रहे हैं, जबकि कई लोगों ने इसे गलत परंपरा करार देते हुए कार्रवाई की मांग की है। खासकर युवाओं के बीच इस तरह के आयोजनों के प्रभाव को लेकर भी चिंता जताई जा रही है। फिलहाल प्रशासन और आबकारी विभाग की ओर से मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। वहीं शहर में चर्चा है कि वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच हो सकती है।

# चुनावी हुंकार: पूर्व विधायक एस.आर. कलेर की अगुवाई में अकाली दल का धुआंधार प्रचार





### जनसभाएं रैली में बदलीं

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/24/मई। नगर परिषद चुनावों के मद्देनजर शिरोमणि अकाली दल द्वारा चुनाव प्रचार तेज कर दिया गया है।

हल्का इंचार्ज व पूर्व विधायक एस.आर. कलेर की अगुवाई में 'टीम कलेर' द्वारा विभिन्न वार्डों में चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान को जनता का भारी समर्थन मिल रहा है। वार्ड नंबर 3: डोर-टू-डोर अभियान से सीधे जुड़े मतदाता वार्ड नंबर 3 से उम्मीदवार बीबी गुरप्रीत कौर के पक्ष में पूर्व विधायक एस.आर. कलेर की टीम ने घर-घर जाकर लोगों से सीधा राब्ता कायम किया।

इस दौरान टीम ने वार्ड के सर्वांगीण विकास, साफ-सफाई, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर चर्चा की और अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस मौके पर एसजीपीसी मेंबर भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल, पूर्व चेयरमैन कमलजीत सिंह मल्हा, सर्कल प्रधान चरणजीत सिंह, वरिष्ठ अकाली नेता दीपइंदर सिंह भंडारी, संदीप सिंह मल्हा और हरदेव सिंह बॉबी विशेष रूप से उपस्थित रहे।


वार्ड नंबर 23: चुनावी बैठक ने लिया विशाल रैली का रूप इसी तरह वार्ड नंबर 23 से उम्मीदवार बीबी सुखदीप कौर धालीवाल के पक्ष में आयोजित एक चुनावी बैठक ने लोगों के भारी उत्साह के चलते विशाल रैली का रूप धारण कर लिया।

इस मौके पर नेताओं ने कहा कि जनता इस बार विकास, ईमानदार सोच और नए नेतृत्व के पक्ष में अपना मन बना चुकी है। इस अवसर पर पल्लेदार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अवतार सिंह बिल्ला, पूर्व सरपंच परमिंदर सिंह कोठे फतेहदीन, पूर्व सरपंच करमजीत सिंह कोठे शेरजंग समेत बड़ी संख्या में इलाका निवासी व समर्थक मौजूद थे। मुख्य बात: पूर्व विधायक एस.आर. कलेर ने दावा किया कि दोनों ही वार्डों में जनता से मिल रहा भारी जनसमर्थन और प्यार यह साफ करता है कि इस बार अकाली दल की जीत निश्चित है।

# गांव मनोलिया के एक घर में अज्ञात युवकों को ओर से ताबड़तोड़ गोलियां चलाई

## पुलिस थाना माहिलपुर गहनता से घटन की कर रही है जांच









### जो भी आरोपी घटना में शामिल हुए उन्हें बक्शा नहीं जाएगा /इंस्पेक्टर रमनदीप कौर

होशियारपुर/दलजीत अजनोहा जिले के मनोलिया गांव के एक घर पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ताबड़तोड़ गोलियां चलाई जाने का मामला सामने आया। जानकारी के अनुसार अज्ञात मोटरसाइकिल सवार युवकों ने गोलीबारी कर के फरार हो गए। घर के सदस्य रात में सो रहे थे और बुलेट मोटरसाइकिल के पटाखे समझने के कारण वे नहीं उठ पाए। गांव में दहशत का माहौल बन गया है। महिलपुर थाना पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और मामले की गम्भीरता से आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जगीर कौर पत्नी लेट सूबेदार साधू सिंह निवासी मनोलिया ने बताया कि वे कल शाम अपने दामाद रणजीत सिंह, पोती रवनीत कौर घर के अंदर सोए हुए थे और उनका भतीजा पाखर सिंह आंगन में सोया हुआ था। उनका पुत्र कुलदीप सिंह बाहर बाड़े में सो रहा था। उन्होंने बताया कि बीती रात लगभग 11:15 बजे चार गोलियों की आवाजें आईं। उन्होंने समझा कि कोई बुलेट मोटरसाइकिल पटाखे चला रहा है इसलिए वे नहीं उठे।

सुबह उठकर देखा तो घर के मुख्य दरवाजे के सामने रेत गिरी हुई मिली। ध्यान से देखने पर मुख्य दरवाजे की दीवार पर गोलियों के निशान थे और मुख्य गेट पर लगी प्लास्टिक की चादर पर भी गोली के निशान दिखे।

उन्होंने तुरंत गांव के सरपंच गुरदेव सिंह और संपूर्ण पंचायत सदस्यों को दीवार व गेट पर लगी गोलियों की जानकारी दी और सरपंच गुरदेव सिंह ने यह पूरा मामला महिलपुर थाना पुलिस के ध्यान में लाया।

उन्होंने बताया कि महिलपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीन गोली के खोल कब्जे में लिए तथा आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज की जांच शुरू कर दी। मौके पर पहुंचे जाँच अधिकारी थाना मुखी इंस्पेक्टर रमणदीप कौर ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की जा रही हैं। जो भी आरोपी होंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लेगी।

# कपूरथला सेंट्रल जेल में बंदियों ने किया बवाल, मशालें लेकर छतों पर चढ़े, आग लगाई

पंजाब/यूटर्न/24 मई। कपूरथला स्थित केंद्रीय जेल में शनिवार देर रात अचानक माहौल तनावपूर्ण हो गया। जेल के अंदर हवालातियों के 2 गुटों के बीच हुए झगड़ा हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक हो गया।



इसमें 3 कैदी घायल हो गए। बताया जा रहा है कि कुछ कैदी बैरक बदलने को लेकर उलझ गए। इसके बाद हवालातियों ने जेल में कई जगह आग लगा दी। वे मशालें लेकर छतों पर चढ़ गए। इस घटना के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, जो कैदियों ने ही शूट किए हैं। इनमें कैदी बता रहे हैं कि जेल प्रशासन ने उन पर गोलियां भी चलाई हैं, जिससे कुछ कैदी घायल हुए हैं। इस घटना पर फिलहाल पुलिस अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। हालांकि, एक सीनियर अधिकारी ने इतना जरूर बताया है कि कोई जेल ब्रेक नहीं हुई है।

### कैदियों ने जेल प्रशासन पर आरोप लगाए

झगड़ा बैरक नंबर-4 में शुरू हुआ था। बताया जा रहा है कि हवालातियों ने बैरक बदलने की बात कही थी, जिसे जेल प्रशासन ने नहीं माना। हवालातियों का आरोप था कि जेल प्रशासन उन्हें बेवजह तंग कर रहा है। इसी को लेकर कैदियों में ही झड़प हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि कुछ कैदियों ने जेल परिसर के अंदर आगजनी कर दी। घटना के बाद जेल प्रशासन और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने तुरंत हालात पर काबू पाने के लिए कार्रवाई शुरू की। काफी मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। फिलहाल, जेल परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस झड़प के दौरान कुछ हवाई फायर भी किए गए हैं।

**Alia Bhatt**

# आलिया भट्ट का प्रिंसेस लुक वायरल



आलिया भट्ट का नया ग्लैमरस अंदाज सोशल मीडिया पर छा गया है।

व्हाइट डिजाइनर ड्रेस में उनका प्रिंसेस जैसा लुक फैंस को खूब पसंद आ रहा है।

फैंस ने उनके इस अवतार को ड्डिज्नी प्रिंसेस वाइब्सड्ड बताया।

आलिया का स्टाइल और कॉन्फिडेंस एक बार फिर सुर्खियों में है।

# विधवा बहू को सास ससुर ननद ननदोई द्वारा तंग किए जाने पर कालोनी निवासियों ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस



## खाली पेपरों पर करवाए हस्ताक्षर

नमिता का आरोप है कि उसे मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। जहां तक कि उससे खाली पेपर चेक पर हस्ताक्षर करवा सारी जमा पूंजी आपने नाम करवा ली है। नमिता कपूर ने बताया कि इसकी कम्प्लेंट उन्होंने पुलिस थाने में भी दी हुई है। परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुनीता शर्मा, लवली, लवली तनेजा, सुनीता अग्रवाल, अंगूरी देवी, अंजू, पार्षद निधि गुप्ता, ज्योति पायल, किरण सुमन, गुरप्रीत कौर वालिया, अनिल मित्तल, पाल सिंह तनेजा, अश्विनी छाबड़ा, सतबीर अग्रवाल, रविंद्र पाल सिंह, लखनपाल, के के गर्ग, के.के. गुंबर, जितेंद्र शर्मा, पवन टांगरी, प्रदीप मित्तल, विजय गोयल, राजेंद्र कपूर, अभिषेक गुप्ता, जसवीर सिंह तनेजा, गुरमीत सिंह, तरसेम गुप्ता, अशोक गुप्ता, उदय सिंह मान, रविंद्र ढंड, विक्की गुलजार, सन्नी मलिक, अमित वर्मा आदि मौजूद रहे।

लुधियाना/यूटर्न/24 मई। चंडीगढ़ रोड अर्बन एस्टेट फेज 2 में अर्बन एस्टेट वेलफेयर सोसाइटी के समूह सदस्यों की ओर से फेज 2 के पार्क में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। ये प्रेस कॉन्फ्रेंस कॉलोनी की एक विधवा बहू को उसके सास ससुर ननद, ननदोई से इंसाफ दिलवाने के लिए की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सोसाइटी के अध्यक्ष अमरीक सिंह मार्शल ने बताया कि उनकी कालोनी की रहने वाली नमिता कपूर के पति की मौत 2022 में हो गई थी। पति की मौत के बाद उसके सास ससुर, ननद ननदोई द्वारा उसे मानसिक रूप से तंग किया जाने लगा। पिछले चार साल से नमिता कपूर नौकरी कर अपना और अपने दो बेटियों का पालन पोषण कर रही थी। लेकिन पिछले महीने उसके ससुराल वाले बिना बताए कोठी को ताला लगा कर कही चले गए। कालोनी निवासियों द्वारा उसको और बच्चों को अपने घर पनाह दी। उन्होंने बताया कि अगले दिन कॉलोनी के लोगों ने घर का ताला तोड़कर उनको अंदर बिठाया। 21 दिन बाद जब उसके सास ससुर घर आए तो कालोनी के लोगों द्वारा उनको समझाने का प्रयास किया तो उल्ट उन्होंने मोहल्ला निवासियों पर केस दर्ज करवा दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही महिला आयोग चंडीगढ़ में इसकी शिकायत दर्ज करवाई जाएगी और नमिता कपूर और उनके बच्चों को उनका मिलता हक दिलवाया जाएगा। नमिता कपूर का आरोप है कि ससुरालियों ने उसके पति की दुकान बेची और घर भी ननद नाम कर दिया।

# जीएसटी की गलत कार्रवाई न रुकी तो पंजाब भर के व्यापारी सड़को पर उतरेगें - व्यापार मंडल




लुधियाना/यूटर्न/24 मई। पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल की ओर से कार्यकारिणी समिति की एक विशेष बैठक स्थानीय ग्रीनपार्क स्थित अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट में महामंत्री सुनील मेहरा, चेयरमैन पवन लहर, जनरल सेक्टरी प्रवीण शर्मा, सेक्टरी पवन मल्होत्रा और प्रधान प्रवीण गोयल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें व्यापारियों को आने वाली परेशानियों विशेषकर जीएसटी विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से बेवजह तंग किए जाने पर विचार किया गया। इस बैठक में सुनील मेहरा, पवन लहर और प्रवीण गोयल ने कहा कि पंजाब भर में व्यापारियों पर जीएसटी विभाग की ओर से जो हल्ला बोल कार्यक्रम शुरू किया हुआ है उसको जल्द से जल्द खतम करे। पंजाब का व्यापार बहुत बड़े मंदे की हालत में चल रहा है। इन्होने आगे कहा कि अगर हल्ला बोल कार्यक्रम रद्द न किया गया तो पंजाब के व्यापारियों को मजबूर होकर सडको पर उतरना पड़ेगा। इस अवसर पर महामंत्री सुनील मेहरा, चेयरमैन पवन लहर, प्रधान प्रवीण गोयल, जनरल सेक्टरी प्रवीण शर्मा, अश्वनी महाजन, जनरल सेक्टरी अतुल कपूर, सेक्रेटरी पवन मल्होत्रा, इंडस्ट्री सैल के प्रधान राकेश कपूर, सुखजिंदर पाल सिंह ग्रेवाल, अमित गुप्ता, सीए रविकांत गुप्ता, रवि धवन, दिनेश धवन, राकेश धवन, डिप्टी कपूर, वेद भंडारी, उमेश सोनी, राज कुमार टंडन, शम्मी कपूर, रजनीश गुप्ता, हेमंत गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता, अरविन्द जैन सहित जिले के लगभग सभी क्षेत्रों के व्यापारी नेता उपस्थित हुए।

# इंडस्ट्रियल सेफ्टी एक्सपो में आधुनिक तकनीकों और बचाव उपायों का प्रदर्शन



लुधियाना 24 मई। CICU कॉम्प्लेक्स में चैंबर ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग्स (CICU) द्वारा '2nd 360° इंडस्ट्रियल सेफ्टी एक्सपो एवं कॉन्फ्रेंस' का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उद्योगपतियों, सेफ्टी एक्सपर्ट्स, उद्यमियों, छात्रों और विभिन्न मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य औद्योगिक सुरक्षा, आपातकालीन तैयारी, अग्नि सुरक्षा, कार्यस्थल जोखिम प्रबंधन और आधुनिक सुरक्षा तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान दिनभर प्रदर्शनी लगी रही, जबकि शाम को रेस्क्यू डेमो, मॉक ड्रिल और उढफ प्रशिक्षण सत्रों ने विशेष आकर्षण का केंद्र बने। NDRF और पंजाब फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज द्वारा संयुक्त रूप से लाइव रेस्क्यू ड्रिल प्रस्तुत की गई, जिसमें आपदा प्रबंधन, फायर फाइटिंग और इमरजेंसी रेस्पॉन्स की उन्नत तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। FSAI के डॉ. नागेंद्र नारायण ने औद्योगिक सुरक्षा को प्रत्येक संगठन की अनिवार्य जिम्मेदारी बताया। NDRF के पंकज शर्मा ने आपदा प्रबंधन में समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया।

# पहले गिरफ़्तारी हुई: सच बहुत बाद में सामने आया, बिजनेस तबाह हो गया



संदीप शर्मा, सम्पादक

चंडीगढ़। चेन्नई के बिजनेसमैन अहमद ए.आर. बुखारी की, कथित 542 करोड़ के कोयला इंपोर्ट मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ़्तारी, भारत की जाँच-पड़ताल की संस्कृति के बारे में एक बड़ा और लगातार परेशान करने वाला सवाल खड़ा करती है। क्या होता है जब किसी आदमी को गिरफ़्तारी के जरिए सरेआम अपराधी घोषित कर दिया जाता है, लेकिन बाद में उसके खिलाफ लगे आरोप कमजोर पड़ जाते हैं, बेबुनियाद साबित होते हैं, या कोर्ट में टिक नहीं पाते? सालों तक, बुखारी का नाम उन आरोपों के सिलसिले में चर्चा में रहा कि पब्लिक सेक्टर की कंपनियों को घटिया क्वालिटी का इंपोर्टेड कोयला ज्यादा कीमतों पर सप्लाई किया गया था, और इस काम से मिले पैसे को कथित तौर पर विदेशी कंपनियों के जरिए घुमाकर वापस भारत में ही इन्वेस्ट किया गया था। इस मामले में वो सारे मसाले मौजूद थे जो आज के भारत को बहुत लुभाते हैं। शैल कंपनियां, विदेशी अधिकार क्षेत्र, जनता का पैसा, जांच एजेंसियां और सैकड़ों-करोड़ों में बताई गई बहुत बड़ी रकमें। लेकिन आरोप और नतीजे के बीच एक ऐसा दायरा होता है जहाँ लोगों की इज्जत को हमेशा के लिए नुकसान पहुँचता है। अगर बुखारी बाद में बेकसूर साबित हुए, या अगर मुख्य आरोप आखिरकार न्यायिक जाँच में टिक नहीं पाए, तो उनकी गिरफ़्तारी पर ही सवाल उठने चाहिए। भारत में, गिरफ़्तारी अब मुकदमा शुरू होने से पहले ही सजा बन गई है। पहले तमाशा होता है: सुर्ख़ियाँ, छापे, जाँच एजेंसियों के सनसनीखेज बयान, और कोर्ट के बाहर की तस्वीरें।

बरी होना, आरोपों से मुक्ति मिलना, या आरोपों का कमजोर पड़ना, जब ये सब सालों बाद होता है तो इस पर शायद ही कभी उतना ध्यान दिया जाता है। तब तक, बिजनेस तबाह हो चुके होते हैं, साख मिट्टी में मिल चुकी होती है, और जनता के मन में पहले ही यह बात बैठ चुकी होती है कि वह आदमी दोषी है।

सरकार अक्सर ऐसी गिरफ़्तारियों को जाँच-पड़ताल के लिए जरूरी हथियार बताकर उनका बचाव करती है। लेकिन यह तर्क तब खतरनाक हो जाता है जब एजेंसियाँ ऐसे मीडिया माहौल में काम करने लगती हैं जहाँ सिर्फ़ आरोप लगाने भर को ही दोषी साबित होने के बराबर मान लिया जाता है। कोई भी आदमी सालों तक शक के घेरे में रह सकता है, जबकि कानूनी व्यवस्था धीरे-धीरे इस बात को समझती है कि सिर्फ़ शक होना ही किसी के दोषी होने का सबूत नहीं होता। बाद में अडानी ग्रुप द्वारा दिवालिया प्रक्रिया के जरिए कोस्टल एनर्जेन को अपने अधिकार में लेना, इस पूरी कहानी में एक और विडंबना जोड़ देता है। वही संपत्तियाँ, जिनका नाम कभी किसी घोटाले से जुड़ा था, आखिरकार इतनी क़ीमती साबित हुईं कि उन्हें भारत के सबसे बड़े कॉर्पोरेट समूहों में से एक ने अपने साथ मिला लिया। बाजार आगे बढ़ गए। पूँजी आगे बढ़ गई। व्यवस्था आगे बढ़ गई। लेकिन जाँच के बीच में फँसे लोग, आरोपों के साये में ही जमे रह गए। यहीं पर भारत की जाँच-पड़ताल की व्यवस्था पर और भी गहराई से विचार करने की जरूरत है। अगर कोई बिजनेसमैन सचमुच दोषी है, तो उसके खिलाफ मुकदमा तेजी से, पूरी पारदर्शिता के साथ और निर्णायक तरीके से चलना चाहिए। लेकिन अगर बाद में आरोप काफी हद तक कमजोर पड़ जाते हैं, तो इसमें शामिल जाँच एजेंसियों से भी सवाल पूछे जाने चाहिए।

क्या यह गिरफ़्तारी समय से पहले की गई थी? क्या सबूतों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया था? क्या मीडिया की कहानियाँ कानूनी असलियत से आगे निकल गईं? या फिर इस पूरी प्रक्रिया का इस्तेमाल दबाव बनाने, दिखावा करने या किसी को रोकने के लिए किया गया? कोई भी लोकतंत्र, बड़े आर्थिक अपराधों में हुई गिरफ़्तारियों की संख्या के आधार पर ही न्याय को नहीं माप सकता। उसे यह भी देखना होगा कि उन गिरफ़्तारियों में से कितनी, सालों बाद भी, न्यायिक जाँच में सही साबित होती हैं। नहीं तो, देश में एक ऐसा सिस्टम बनने का खतरा पैदा हो जाएगा, जहाँ जाँच एजेंसियों को तो तुरंत सुर्खियाँ मिल जाएँगी, लेकिन आम नागरिकों को उन आरोपों से उबरने में दशकों लग जाएँगे, जिनके लिए वे कभी भी पूरी तरह से दोषी साबित नहीं हुए थे।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372